डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-380 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2025–26 दिनांकः– 01 नवम्बर, 2025

## स्पेशल बैक पेपर (विषम–सम अधिसत्र / वार्षिकी) / इम्प्रूमेण्ट परीक्षा माह नवम्बर, 2025 के आयोजन हेतु ऑन–लाइन आवेदन के लिये आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी0ओ0ई0–377, दिनाँक 18.10.2025 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थानों में अध्ययनरत् एवं पाठ्यक्रम की निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके ऐसे विद्यार्थी जो कतिपय प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण है तथा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में अध्ययनरत् ऐसे विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र–2024–25 की परीक्षा में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 18वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु सं0 03 / 18 में लिए गए निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय के यू0जी0 / पी0जी0 रेग्यूलेशन–2024 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार इम्प्रूमेण्ट परीक्षा हेतु एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हुए इस हेतु बैक पेपर / इम्प्रूमेण्ट विषम–सम अधिसत्र / वार्षिक परीक्षा हेतु स्पेशल बैक पेपर / इम्प्रूमेण्ट परीक्षा का आयोजन कराये जाने पर परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया, परन्तु इसे भविष्य के लिये दृष्टांत नहीं माना जायेगा। साथ ही पूर्व में आयोजित स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 तक में प्रतिभाग कर चुके विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु पात्र नहीं होंगे। उक्त के क्रम में स्पेशल बैक पेपर / इम्प्रूमेण्ट परीक्षा माह नवम्बर, 2025 हेतु अर्ह / पात्र विद्यार्थियों की परीक्षा हेतु ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 30.10.2025 तक आमंत्रित किये गये थे।

उक्त के अनुक्रम में एतद्द्वारा उपरोक्त परीक्षा हेतु अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **स्पेशल बैक पेपर / इम्प्रूमेण्ट परीक्षा माह नवम्बर, 2025 हेतु पूर्व निर्धारित तिथि को विद्यार्थी हित में विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 03.11.2025 तक विस्तारित किया जाता है,** जिसके पश्चात् उक्त तिथि को किसी भी दशा में विस्तारित नहीं किया जायेगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपिः</u>–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से उक्त परीक्षा हेतु नियमानुसार अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित / निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।

01/11/25
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक।